कार्यालय, महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश,
छठा तल, जवाहर भवन, लखनऊ।

संख्या–एम0ई0–3 / 2024 / 2848 लखनऊ दिनांक 13 दिसम्बर 2024

निजी क्षेत्र के अंतर्गत संचालित नोयडा इण्टरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइसेंज, ग्रेटर नोयडा में यूपी0 नीट पी0जी0–2024 की द्वितीय चक की कांउसिलिंग के माध्यम से आवंटन प्राप्त अभ्यर्थियों के शिक्षण शुल्क के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निजी क्षेत्र के अंतर्गत संचालित **नोयडा इण्टरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइसेंज, ग्रेटर नोयडा** में नवीन पी0जी0 पाठ्यक्रमों की एन0एम0सी0 से Letter of Permission प्राप्त सीटों पर शुल्क निर्धारण की कार्यवाही शासन स्तर पर प्रकियाधीन होने के दृष्टिगत उक्त मेडिकल कालेज में आवंटन प्राप्त अभ्यर्थियों द्वारा क्लीनिकल विषय (Clinical Subject) हेतु रू0 22,35,387 / –(रू0 बाइस लाख पैतीस हजार तीन सौ सत्तासी मात्र) एवं पैथालॉजी विषय (Pathology Subject) हेतु रू0 12,18,878 / –(रू0 बारह लाख अठ्ठारह हजार आठ सौ अठत्तर मात्र) का डी0डी0 (डिमाण्ड ड्राफ्ट) महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ Payble at Lucknow के नाम से शिक्षण शुल्क के रूप में प्रस्तुत करते हुये नोडल सेन्टर (राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोयड़ा) में प्रवेश प्रकिया पूर्ण की जायेगी।

उ0प्र0 शासन द्वारा उक्त मेडिकल कालेज की नवीन पी0जी0 पाठ्यक्रमों की सीटों का शिक्षण शुल्क निर्धारित किये जाने संबंधी शासनादेश जारी होने के उपरान्त यदि शिक्षण शुल्क में कोई परिवर्तन होता है, तो ऐसी दशा में अन्तर की धनराशि संबंधित अभ्यर्थी को जमा करना अनिवार्य होगा।

कृते महानिदेशक